कार्यालय : प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक,
बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखंड, राँची।

वन भवन, डोरण्डा, राँची, झारखंड–834002, Email : pccf-ednodal@gov.in

पत्रांक : दिनांक :

सेवा में,

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक,
सिंहभूम, जमशेदपुर।

विषय :– धालभूमगढ़ हवाई अड्डा के विकास हेतु 99.256 हे0 वनभूमि अपयोजन प्रस्ताव के संबंध में।

प्रसंग :– आपका पत्रांक 979 दिनांक 31.05.2023

महाशय,

उपर्युक्त विषयक के संदर्भ में कहना है कि इस कार्यालय के पत्रांक 960 दिनांक 16.09.2022 द्वारा विषयगत प्रस्ताव पर कतिपय 05 बिन्दुओं पर पायी गई त्रुटियों का निराकरण कर प्रतिवेदन समर्पित करने हेतु अनुरोध किया गया था। उक्त के आलोक में आपके पत्रांक 585 दिनांक 28.03.2023 द्वारा पृच्छित बिन्दु संख्या–1 एवं 2 का निराकरण प्रतिवेदन समर्पित किया गया।

तदोपरान्त, पुनः इस कार्यालय के पत्रांक 439 दिनांक 24.04.2023 द्वारा पृच्छित बिन्दु संख्या–3, 4 एवं 5 का निराकरण प्रतिवेदन समर्पित करने हेतु अनुरोध किया गया, जिसके आलोक में आपके प्रासांगिक पत्र दिनांक 31.05.2023 द्वारा निराकरण प्रतिवेदन समर्पित किया गया है। प्राप्त प्रतिवेदन के अवलोकनोपरान्त एवं जाँचोपरान्त, निम्नलिखित तथ्य प्रतिवेदित हैं :–

1. **पृच्छा सं०–3** :– प्रस्तावित वनभूमि एवं गैर–वनभूमि का KML File CD के रूप में समर्पित किया गया है। जाँचोपरान्त CD के रूप में समर्पित KML कुल 99.292 हे० का है जो कि प्रस्तावित एरिया के लगभग में है तथा स्वीकार योग्य है। किन्तु Form-A, Part-I Online में मात्र 61.2603 हे० का KML File uploaded है जो की प्रस्तावित रकबा से लगभग 38 हे० कम का है। अतएव, Online uploaded KML File में सुधार अपेक्षित है।
2. **पृच्छा सं०–4** :– समर्पित लागत लाभ विशलेषण प्रतिवेदन भारत सरकार द्वारा निर्धारित पुनरीक्षित दर एवं प्रपत्र अनुसार है। समर्पित प्रतिवेदन प्रस्तावित वनभूमि के रकबा के अनुरूप है।
3. **पृच्छा सं०–5** :– FRA प्रमाण–पत्र एवं ग्राम सभा की कार्यवाही की प्रति समर्पित नहीं की गई है।

उपरोक्त वर्णित के आलोक में अनुरोध है कि पृच्छित बिन्दु सं०–3 एवं 5 का वांछित अनुपालन प्रतिवेदन समर्पित करने की कृपा की जाय ताकि प्रस्ताव पर अग्रत्तर कार्रवाई की जा सके।

विश्वासभाजन

ह0/–

प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक,
बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची।

ज्ञापांक : 652 **दिनांक** : 23/6/2023

प्रतिलिपि : वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल जमशेदपुर/वन प्रमण्डल पदाधिकारी, जमशेदपुर वन प्रमण्डल, जमशेदपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। अनुरोध है कि पृच्छित बिन्दु संख्या–3 एवं 5 का निराकरण प्रतिवेदन अविलम्ब समर्पित करने हेतु अग्रेत्तर कार्रवाई करने की कृपा की जाय।

23.06.2023

प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक,
बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची।

23/06/2023